हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com


# रेलवे स्टेशन में समस्याओं का अंबार, जनप्रतिनिधि मौन

**पश्चिम मध्य रेलवे का सतना रेलवे स्टेशन, मध्य प्रदेश के प्रमुख स्टेशनों में से एक है, लेकिन यहाँ समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इन समस्याओं के प्रति स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध रखी है, जिससे लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।**

हरिभूमि न्यूज, सतना।



स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। प्लेटफॉर्म पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गर्मी के मौसम में यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है, क्योंकि वाटर कूलर या तो खराब पड़े हैं या उनमें पानी नहीं आता। स्वच्छता की स्थिति भी दयनीय है। शौचालयों में गंदगी का आलम है और प्लेटफॉर्म पर कूड़ा-करकट बिखरा रहता है, जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है। सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। रात के समय पर्याप्त रोशनी की कमी और पुलिस गश्त का अभाव यात्रियों, खासकर महिलाओं के लिए असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। स्टेशन परिसर में अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देखा जाता है, जिन पर कोई लगाम नहीं है। इसके अतिरिक्त, टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें और ऑनलाइन टिकट बुकिंग में आने वाली तकनीकी दिक्कतें यात्रियों का समय बर्बाद करती हैं। प्लेटफॉर्म पर लगने वाले ठेले और अतिक्रमण से यात्रियों को चलने में परेशानी होती है, और यह कभी-कभी दुर्घटना का कारण भी बन जाता है। स्थानीय निवासी और यात्री लंबे समय से इन समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। जनप्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वे जनता की समस्याओं का समाधान करें, लेकिन सतना के मामले में उनकी उदासीनता निराशाजनक है। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जीतने के बाद उन वादों को भुला दिया जाता है।

### पार्किंग व्यवस्था ध्वस्त

पिछले महीने की 20 तारीख से पार्किंग का ठेका खत्म हो गया है। यात्री अपने वाहनों को लावारिस स्थिति में छोड़कर जाने के लिए मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में चोर उचक्के गाड़ियां चोरी कर रहे हैं। रेलवे की स्थानीय अधिकारियों ने पार्किंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है जिसकी वजह से स्थिति और भी बिगड़ती जा रही है। अगर जल्द ही इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यात्रियों की परेशानी और बढ़ सकती है। यह आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर इस ओर कदम उठाएं और सतना रेलवे स्टेशन को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधा संपन्न स्टेशन बनाने की दिशा में कार्य करें।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा पर जोर दिया

**सतना।** कमिश्नर बीएस जामोद ने सतना में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर कार्यों की निगरानी करने तथा भू-अर्जन या अन्य किसी भी बाधा को तत्काल समन्वय से दूर करने को कहा। उन्होंने लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। हाल ही में हुई भारी वर्षा को देखते हुए, कमिश्नर ने विशेष रूप से जलमग्न होने वाले पुलों और रपटों पर तत्काल बैरियर लगाने और कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुल पर पानी आने की स्थिति में दोनों ओर से आवागमन पूरी तरह बंद कराया जाए। अधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वेक्षण कर उनमें सुधार कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में भू-अर्जन के महत्व पर जोर देते हुए, कमिश्नर ने कहा कि कार्य स्वीकृत होते ही भू-अर्जन की कार्यवाही शुरू कर दी जानी चाहिए और निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर के साथ ही आवश्यक भूमि भी उपलब्ध कराई जाए। नागौद, परसमनिया, मैहर मार्ग निर्माण के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित करने तथा सीतापुर से बदवार मार्ग में शेष बचे चार किलोमीटर का कार्य एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए। रीवा-प्रयागराज मार्ग पर सोहागी घाट में सड़क सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराने और सभी फोरलेन सड़कों के डिवाइडर में पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया।

### हिलौंधा बोरवेल घटना में दोषियों पर होगी कार्यवाही

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने नागौद तहसील के हिलौंधा के सलैया हार में हुई रविवार की घटना (बोरवेल में गिरने की घटना) की रिपोर्ट एसडीएम नागौद से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के खुले बोरवेल में गिरने से होने वाले नुकसान को रोकने के दिशा-निर्देशों और प्रावधानों के अनुसार दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत द्वारा शासनादेशों का पालन किया गया अथवा नहीं, इसकी जांच सीईओ जिला पंचायत सतना द्वारा की जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए जिम्मेदारों से प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा।

### पुलिस की 'नशे से दूरी-है जरूरी' जागरूकता रैली आज

**सतना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, सतना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी-है जरूरी अभियान के तहत 15 जुलाई को सुबह 11:30 बजे एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली पुलिस लाइन के पास स्थित चौपाटी से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस चौराहा के पास समाप्त होगी।नगर पुलिस अधीक्षक, सतना ने इस कार्यक्रम में कोतवाली, कोलगवां, सिविल लाइन, महिला थाना और यातायात थाना प्रभारियों को अपने अधिक से अधिक बल के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों को भी बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए कहा गया है ताकि इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाया जा सके।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही करें: कलेक्टर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने आयुक्त नगर पालिक निगम एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रदेश में 1 जुलाई 2022 से पॉलीस्टाइरिन और विस्तारित पॉलीस्टाइरिन वस्तुओं सहित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है। प्रतिबंधित वस्तुओं में प्लास्टिक स्टिक सहित ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक डांडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, पॉलीस्टाइरिन (थर्मोकोल) की सजावट सामग्री, प्लास्टिक प्लेटें, कप, गिलास, कटे चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक पीसीसी बैनर तथा प्लास्टिक स्टिरर शामिल हैं।



## विजय दिवस पर एकेएस में भव्य कार्यक्रम

**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी में विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व कैंप कमांडेंट कर्नल संदीप जसपाल ने किया। कार्यक्रम में लगभग 450 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एकेएस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. बी.ए.चोपड़े रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रो.आर एस. त्रिपाठी, अजय कुमार सोनी, डायरेक्टर, अमित कुमार सोनी, डायरेक्टर, ऑपरेशन, ज्यति सोनी, लेफ्टिनेंट प्राची सिंह और लेफ्टिनेंट दशरथ पाटीदार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में शहीदों के साहस, शौर्य और देशभक्ति की भावना को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### धरती आबा उन्नत ग्राम' का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज मझगवां में

**सतना।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत 'धरती आबा उन्नत ग्राम' का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत सभागार मझगवां में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### आयुष्मान योजना में गफलत करके लाखों कमा रहे हैं निजी अस्पताल

## चित्रकूट में सतगुरु अस्पताल के खिलाफ हो चुकी है कार्यवाही

सतना।




सतना में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों द्वारा बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और अनियमितताओं के मामले चर्चा में है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है कि कई निजी अस्पताल इस महत्वाकांक्षी योजना का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे सरकार को लाखों रुपये का चूना लग रहा है और ज़रूरतमंद मरीजों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिकायतों के अनुसार, निजी अस्पताल मरीजों को मामूली बीमारियों के लिए भी लंबी अवधि तक भर्ती कर रहे हैं ताकि वे अधिक दिनों का बिल बना सकें। इसके अलावा, ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहाँ मरीजों को गैर-ज़रूरी और महंगे टेस्ट कराने के लिए मजबूर किया गया, जबकि उनकी बीमारी के इलाज के लिए इनकी आवश्यकता नहीं थी।सूत्रों ने बताया कि कुछ अस्पताल फर्जी मरीज दिखाकर या एक ही मरीज के नाम पर कई बार बिल बनाकर योजना का दुरुपयोग कर रहे हैं। यह भी आरोप है कि कई अस्पताल निर्धारित पैकेज दरों से अधिक शुल्क ले रहे हैं और मरीजों को उन सेवाओं के लिए भी भुगतान करने को मजबूर कर रहे हैं जो आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त होनी चाहिए। इस गफलत के कारण, निजी अस्पताल अवैध रूप से लाखों रुपये कमा रहे हैं, जबकि सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दोषी पाए जाने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका पंजीकरण रद्द करना और वित्तीय दंड लगाना शामिल है। सरकार का उद्देश्य है कि आयुष्मान योजना का लाभ सही मायने में गरीब और ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचे, और इस तरह की धोखाधड़ी से योजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। उम्मीद है कि जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि आयुष्मान योजना की पवित्रता बनी रहे।

### इनका कहना है

सतना में हाल ही में तीन निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना में शामिल किया गया है।जिसमें सार्थक हॉस्पिटल, पाठक हॉस्पिटल और विविध हॉस्पिटल शामिल हैं लेकिन अभी तक यहां से कोई भी शिकायत नहीं मिली है। इसके पहले चित्रकूट में सद्गुरु अस्पताल से एक शिकायत स्टेट लेवल पर हुई थी। जिस पर स्टेट लेवल की कार्रवाई की गई थी। योजना का सही तरीके से पालन हो इसकी मॉनीटरिंग के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित तीन अफसरों की टीम है जो इस पर निगरानी रखती है। **केएल तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना।**

## सीएम हेल्पलाइन में कलेक्टर ने दिए संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश



सतना।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आज सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को हुई समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की धीमी प्रगति पर विशेष चिंता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि सतना जिले की सीएम हेल्पलाइन में वर्तमान में 14वीं पोजीशन है और इसमें सुधार लाने के लिए सभी विभाग इस सप्ताह सीएम हेल्पलाइन पर फोकस करें। कलेक्टर ने एल-1 अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक प्रकरणों के निराकरण के लिए कहा और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की निगरानी स्वयं एसडीएम को करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की कमजोर प्रगति के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और राजस्व विभाग के एल-1 अधिकारी विवेक सिंह बघेल, प्रज्ञा दुबे, सुजीत, शैलेंद्र बिहारी शर्मा, और सौरभ मिश्रा को अप्रसन्नता लेटर जारी करने के निर्देश दिए गए।

### निराश्रित गौवंशीय पशु और सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती

कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को निराश्रित गौवंशीय पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम पर की गई कार्यवाही की समीक्षा में कलेक्टर ने नगरीय निकाय संस्थाओं द्वारा प्रभावी कार्यवाही न होने पर नाराजगी व्यक्त की और एसडीएम सिटी के अलावा किसी भी कार्यवाही के प्रकाश में न आने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बैन की गई सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए नगरीय निकायों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, आयुष्मान, नक्शा विहीन ग्राम, राजस्व प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री, और खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की। बताया गया कि नगर निगम सतना में डेढ़ लाख डुप्लीकेट समग्र आईडी का डिलीशन हुआ है और मझगवां, रामपुर बघेलान में भी बेहतर कार्य हुआ है। नगर पंचायत जैतवारा में समग्र ई-केवाईसी का काम नहीं होने पर सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि तीन माह के आवंटित खाद्यान्न में 94 प्रतिशत उठाव हो गया है। फार्मर रजिस्ट्री में समुचित प्रगति नहीं होने पर तहसीलदार मझगवां, कोटर, कोठी, और नागौद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### पदोन्नति और वृक्षारोपण की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने जिला स्तर पर होने वाली पदोन्नतियों के लिए सीआर, पद क्रम सूची, आरक्षण रोस्टर आदि की कार्यवाही पूर्ण कर तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परामर्शदात्री समिति की बैठक सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में की जाएगी, तब तक विभागीय समितियों की बैठक संपन्न करा ली जाए। वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि अब तक सीएसआर से 23 हजार 700 पौधे प्राप्त हुए हैं, जिनका वितरण विभागों को कर दिया गया है। कलेक्टर ने पर्याप्त बारिश को देखते हुए सभी विभागों को वृक्षारोपण कराने और किए गए कार्य का दस्तावेजीकरण करने के निर्देश दिए।

## अपर कलेक्टर मैहर ने किया गौशाला का निरीक्षण




**सतना।** अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह ने सोमवार को विकासखंड रामनगर के भ्रमण के दौरान गुलवार गुजारा गांव में स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश की संख्या, उनके चारा-पानी सहित अन्य व

## यूजीसी ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 की स्वायत्तता दी



**सतना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा "श्रेणीबद्ध स्वायत्तता" अंतर्गत श्रेणी-1 की स्वायत्तता अर्जित करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलने पर उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

## ईएसआईसी की योजना: नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा

सतना/रीवा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए स्कीम टू प्रमोट रजिस्ट्रेशन ऑफ एम्प्लॉयर्स/एम्प्लॉईज़ 2025 को मंजूरी दी है।यह योजना जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। एसपीआरए ईई का मुख्य उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और पिछली देनदारियों को समाप्त करके स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है।पहले पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्रवाई और बकाया योगदान की मांग की जाती थी, लेकिन अब इन बाधाओं को दूर किया जाएगा।भोपाल के संयुक्त निदेशक निश्चल कुमार नाग ने बताया कि यह योजना मध्य प्रदेश में भी लागू की जा रही है। नियोक्ता अपने प्रतिष्ठानों और कर्मचारियों को ईएसआईसी, श्रम सुविधा, और एमसीए पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण की घोषित तिथि से पहले की अवधि के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा, और न ही कोई निरीक्षण या रिकॉर्ड की मांग की जाएगी। यह योजना विशेष रूप से उन प्रतिष्ठानों (जैसे कारखाने, दुकानें, होटल, निजी चिकित्सा व शैक्षणिक संस्थान, आदि) के लिए है जिनमें 10 या अधिक कर्मचारी हैं और जो अभी तक ईएसआई अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। इस पहल से कर्मचारी, विशेष रूप से ठेका श्रमिक, ईएसआईसी के तहत स्वास्थ्य और सामाजिक लाभों का लाभ उठा पाएंगे। पंजीकरण की तिथि से कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही बीमारी, मातृत्व, चोट या मृत्यु के मामलों में नकद लाभ भी उपलब्ध होंगे। अधिक जानकारी और सहायता के लिए, रीवा शाखा प्रबंधक विजय कुमार नामदेव (9424135794) से संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल कटनी रेफर



**अमानगंज।** रविवार की रात लगभग 8:00 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला अमानगंज किशनगढ़ मुख्य सड़क मार्ग सिंघोरा ग्राम के समीप सामने आया जिसमें एक तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई मोटर बाइक में सवार चालक राममू आदिवासी पिता धन्नू आदिवासी निवासी कुडन गहदरा गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायल का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया।

### जीपीएफ खाताधारकों के लिए वर्ष 2024-25 का वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध



**पन्ना।** महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। अधिकारी-कर्मचारी अब अपना जीपीएफ स्टेटमेंट आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं। जीपीएफ विवरण में यदि किसी भी प्रकार की विसंगति या त्रुटि पाई जाती है, तो अभिदाता ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेस विकल्प पर क्लिक कर संबंधित जानकारी और दस्तावेज अपलोड किए जा सकते हैं। शिकायतों का निराकरण एक माह के भीतर महालेखाकार की निगरानी में किया जाएगा। शिकायत दर्ज करने के लिए कर्मचारी दूरभाष नंबर 0751-2432457 या व्हाट्सएप नंबर 8827409410 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### सरपंच ने साथियों के साथ पिता व पुत्र को पीटा

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिर्री में मारपीट का एक वीडियो वारयल हो रहा है जिसमें सरपंच और उसके साथियों द्वारा आदिवासी पिता-पुत्र की पिटाई की जा रही है। यह घटना 9 जुलाई की शाम को ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के डूडंहा मोड़ पर हुई। रविवार सुबह घटना का वीडियो सामने आया। इसमें कुछ लोग दो लोगों को पीटते नजर आ रहे हैं। जिर्री ग्राम पंचायत के सरपंच महेश यादव, उनके भाई चूड़ामणि यादव और योगेंद्र यादव ने बिजौरी ग्राम निवासी अजय सिंह मार्को और उसके पिता राममिलन मार्को पर हमला किया। वायरल वीडियो में तीनों आरोपी लाठी-डंडों से पीड़ित को पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित अजय सिंह का आरोप है कि चूड़ामणि यादव उनकी भतीजी पर गलत नीयत रखता है। इसका विरोध करने पर उन्होंने हमला किया। घटना उस समय हुई जब अजय अपने पिता के साथ खमतरा बाजार जा रहे थे।

## अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में सर्वेक्षण दल गठित करें

# 19 जुलाई के पश्चात सड़क पर निराश्रित गौवंश मिलने पर दर्ज होगी एफआईआर

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि जिले में भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए। अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में सर्वेक्षण दल का गठन भी किया जाए। राजस्व अधिकारी निरंतर रूप से अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई जारी रखें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों को स्कूल, छात्रावास, शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के नियमित रूप से निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही नाला एवं तालाब से अतिक्रमण हटवाने, जलभराव की स्थिति पर रोकथाम तथा हैण्ड पंप एवं बोरिंग स्थल के आसपास गंदे पानी का रिसाव चेक कराने के लिए भी निर्देश दिए गए। साथ ही वर्षा के कारण प्रभावित सड़क व पुलिया के संधारण और निकाय अधिकारियों एवं पीएचई के अधिकारी को दूषित जल की समस्या के निराकरण के लिए यथोचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और विभिन्न गौवंश एवं पशुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत वर्तमान में धारा 163 प्रभावशील है, जिसके तहत निराश्रित गौवंश को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर गौ शालाओं में शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाना थी। इसके बावजूद कतिपय स्थानीय निकायों द्वारा गौवंश को अब तक सड़क से विस्थापित करने की कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए अविलंब गौशालाओं की व्यवस्थाओं का पूर्व अवलोकन कर निराश्रित गौवंश को तत्काल गौशालाओं में शिफ्ट करें। आगामी 19 जुलाई के पश्चात जिले के मुख्य मार्गों अथवा शहरी या ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर निराश्रित गौवंश मिलने की स्थिति में संबंधित लोकसेवक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसलिए समस्त सचिव, सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ द्वारा समय पूर्व आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला से पशुपालकों को गौवंश की वापसी के दौरान अर्थदण्ड वसूलने के साथ ही हिदायत भी दी जाए। साथ ही पुनः निराश्रित गौवंश मिलने पर संबंधित पशुपालक के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। गौशाला में पहुंचे प्रत्येक गौवंश की टैगिंग कराएं। जिला कलेक्टर ने थाना प्रभारियों को भी जिम्मेदारी के साथ तस्दीक उपरांत भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई-

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन मामलों के निराकरण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वर्तमान में सी एवं डी श्रेणी के विभाग 20 तारीख के पूर्व शिकायतों के निराकरण के लिए सटीक प्रतिवेदन दर्ज कराएं। प्रमुख रूप से श्रम विभाग की शिकायतों के निराकरण के लिए स्थानीय निकायों के अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा भी निराकरण की स्थिति की समीक्षा की जाए। इस दौरान बीएमओ अजयगढ़ को आकांक्षी विकासखण्ड के संकेतकों के अनुरूप ग्रामवार प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी तहसीलदार को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही की स्थिति पर एवं खराब रैंक आने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके लिए सभी पटवारियों को ग्रामवार लक्ष्य सौंपकर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सिविल सर्जन, जिला संयोजक, आरटीओ एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को भी आगामी पांच दिवसों में सीएम हेल्पलाइन में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने मत्स्य पालन विभाग के निरीक्षक को जनपद पंचायत सीईओ पवई से समन्वय कर प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट करने वालों के विरूद्ध छापामार कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी राजस्व अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों का तत्परता से निराकरण, टीएल विषय से संबंधित प्रकरणों की विषयवार नस्तियां तैयार करने, स्कूली छात्र-छात्राओं के शेष 9 प्रतिशत छात्रवृत्ति के प्रकरणों में त्वरित भुगतान, निकायवार समग्र ई-केवायसी कार्य में निरंतर कार्यवाही, मध्यान्ह भोजन शाला निरीक्षण और नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से सभी राशन दुकानों पर समयावधि में खाद्यान्न की उपलब्धता इत्यादि के संबंध में भी निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने विभागवार स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा कर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संविदा मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कार्य में सुधार के लिए नोटिस देकर संविदा सेवा समाप्ति के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में राशन मित्र पोर्टल पर केवायसी से वंचित खाद्यान्न हितग्राहियों के संबंध में निराकरण दर्ज कराने तथा नवीन पात्रता पर्ची के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत हितग्राहियों के ऑनलाइन आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए पात्रता अनुसार कार्यवाही तथा आवश्यकता होने पर नगरीय निकाय अधिकारियों को एसडीएम से समन्वय कर बसाहट के लिए पट्टा स्थल आवंटित कराने की बात कही।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं-

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाना है। गत वर्ष के लक्ष्य मुताबिक ही विभागीय अधिकारियों द्वारा इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाए और इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाएं। वन विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा अपनी कार्ययोजना और लक्ष्य मुताबिक चिन्हांकित स्थलों पर पौधरोपण कराया जाए। साथ ही अंकुर एप पर फोटो भी अपलोड करें। टीएल बैठक में केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पुनर्वास पैकेज राशि के विरतण के संबंध में भी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों से कोई भी पात्र परिवार के पैकेज से वंचित अथवा शेष नहीं होने के संबंध में प्रमाणीकरण प्राप्त किया जाए। इस संबंध में स्पष्ट किया गया कि धारा 11 के नोटिफिकेशन तिथि से पहले महिलाओं के विवाह होकर अन्यत्र स्थान पर जाने की स्थिति में 12 लाख 50 हजार रूपए के पुनर्वास पैकेज की पात्रता नहीं है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ को वांछित जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद विस्थापन कार्यवाही के लिए समय पूर्व सभी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। इसी तरह रेलवे के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर एसडीएम पन्ना एवं गुनौर को प्रभावित परिवारों को बैंक खाता संग्रहण और अवार्ड राशि के वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## एएसआई सुभाष सिंह को पुत्र शोक, आयोजित की गई शोकसभा



**पन्ना।** आज के इस सभ्य समाज के दौर में कई प्राचीन परम्परायें ऐसी है कि जो आज आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए इन परम्पराओं का निर्वाहन कर पाना इनके बस के बाहर की बात है। और बहुत हद तक अब इन पुरानी मान्यताओं को कुछ लोग कुरीतियों से जोड़ने लगे है। और इनमें बदलाव करने पर जोर भी दे रहे है। आज ऐसी एक पुरानी परम्परा राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह लोधी जी के भतीजे एवं एएसआई सुभाष सिंह जी के जेष्ठपुत्र शोक सभा में यह मुद्दा उठा और इस पर लोधी समाज के सभी लोगों ने अपनी सहमति जताकर निर्णय लिया कि कुछ पम्पराओं में बदलाव लाना बेहद जरूरी है। जैसे मृत्यु भोज लम्बे समय से बहस का मुद्दा रहा है। कई विद्वानों का मानना है कि यह एक सामाजिक बुराई हैए इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि कुछ लोग इस वैदिक व्यवस्था के पक्षधर है। सबके अपने-अपने तर्क है। बावजूद इसके आधुनिक प्रगतिशील समाज में यह सोच लगातार मजबूत हो रही है कि अपनों का खोने का दुःख और ऊपर से तेरहवीं संस्कार पर भारी भरकम खर्च कहाँ तक उचित है। इस कुरीति के कारण कई दुःखी परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते है। जीवन भर कर्ज के कुचक्र से मुक्त नहीं हो पाते है। पन्ना जिले में लोधी समाज की बैठकों में लम्बे समय से मृत्यु भोज को बंद करने की बात होती रही है। जिले के अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के सरवंशी निवासी राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह लोधी जी के भतीजे एवं एएसआई सुभाष सिंह लोधी के जेष्ठ पुत्र का 2 जुलाई 2025 को दुखद निधन उपरांत तेरहवीं के दिन मृत्यु भोज आयोजित न करके सदियों से चली आ रही इस समाजिक कुरीति को मिटाने का साहसिक कदम उठाया है। 14 जुलाई को सुबह से 24000 गायत्री मंत्र का जप अनुष्ठान पूर्ण करने के उपरांत गायत्री पूजन पितृदर्पण के साथ गायत्री हवन पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में मृत्यु भोज, तेरहवीं बंद करने की शपथ दिलाई गई। श्रद्धांजलि सभा में लोधी राजपूत धर्मशाला चित्रकूट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजयगढ़ नंदपाल सिंह लोधी जी, और वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व डिस्टेक्ट कमाण्डेंट अधिकारी करण सिंह राजपूत, पूर्व आबकारी अधिकारी राम शरण सिंह लोधी जी, वरिष्ठ नेता बाला प्रसाद लोधी उमरी, दिया सरपंच पूर्व फौजी रामशिरोमणी सिंह लोधी, गायत्री परिवार पन्ना से फूल सिंह ठाकुर, एलडी सिंह विजय सिंह, पूर्व जिला पंचयत सदस्य श्रीपाल लोधी जी, मिथलेश सिंह छतरपुर, प्रीतम सिंह, दिनेश सिंह बाबूजी, नंदकिशोर सिंह महदीपुरवा, सत्येन्द्र सिंह, राम सिंह लोधी जी, सूर्य प्रताप वर्मा एडवोकेट, सीएल सिंह, मनीष महदेले नगर पालिका पन्ना, रामखिलावन सिंह लोधी एवं राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंदु एवं महिलायें शामिल रही।

## चौमुखनाथ मंदिर के अंदर से रात्रि में हुई दान पेटी चोरी



**सलेहा।** सलेहा निकटतम चौमुखनाथ महादेव मंदिर से बीतीं रात्रि दान पेटी अज्ञात चोरों द्वाराचोरी करने की घटना प्रकाश में सामने आई है रात्रि ड्यूटी कर रहे पुरातात्व कर्मचारी ने जब सुबह मंदिर का ताला खोला तो मंदिर में दान पेटी गायब थी चौमुखनाथ मंदिर खुलने का समय सूर्योदय एवं बंद का सूर्य अस्त है रात्रि ड्यूटी में तैनात कर्मचारी ने दो बजे पहरा के समय मंदिर का ताला लगा रहना बताया है इसके बाद जब मंदिर सुबह खोला गया गेट का ताला टूटा था एवं दान पेटी गायब मंदिर से गायब थी। जिसकी सूचना पुरातत्व विभाग रीवा कार्यलय को दी गई रीवा से पुरातत्व अधिकारी बं कुनाल शर्मा पहुंचे चौमुख नाथ मंदिर पहुंचे पश्चात सलेहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुरातत्व कर्मचारियों ने बताया कि मंदिर परिसर की दान पेटी लगभग 1 वर्ष से विभाग ने नहीं खोली थी लगभग 1 वर्ष से पहुंच रहे भक्तों द्वारा किया गया दान दान पेटी में बंद था पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।

## कृषि विभाग के द्वारा आज किसानों को किया गया फ्री बीज का वितरण



**गुनौर।** जिला पन्ना के गुनौर विकासखंड के अंतर्गत अमानगंज तहसील में खरीफ सीजन के अंतर्गत उडद, मूंग, अरहर,धान का निःशुल्क बीज वितरण कार्य विगत सप्ताह से किया जा रहा है। कृषि विस्तार अधिकारी अमानगंज राजीव द्विवेदी ने बताया कि किसान आनलाइन आवेदन कर बीज प्राप्त कर रहे हैं। अभी तक सैकड़ों किसानो को निःशुल्क बीज वितरण किया जा चुका है किसानों ने खुशी जाहिर की और कहा की नई कृषि विस्तार अधिकारी के आने से हम लोगों को यह जानकारी और बीज समय से उपलब्ध कराया गया। और बताया गया कि किस ढंग से फसल की बुवाई करें और कैसे इसी फसल से ज्यादा मुनाफा कमाए।

## असाक्षर व्यक्तियों का सर्वे के जरिए हो सही चिन्हांकन- कलेक्टर



### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 15 वर्ष से अधिक आयु एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके व्यक्तियों को साक्षर करने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत लक्षित असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान प्रदान कर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। इस दौरान अवगत कराया गया कि जिले में दो लाख से अधिक असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य है। इस महत्वपूर्ण अभियान में स्कूल शिक्षा विभाग सहित महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद, उच्च शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आजीविका मिशन और स्वास्थ्य विभाग की भी महती भूमिका है। जिला कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सर्वे के जरिए शत-प्रतिशत असाक्षर व्यक्तियों का चयन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। अक्षर साथियों के चयन एवं प्रशिक्षण सहित गतिविधियों का हर स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। साथ ही सामाजिक चेतना केन्द्रों और अध्ययन केन्द्रों का संचालन एवं मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी से कार्यक्रम अंतर्गत मूल्यांकन प्रणाली के संबंध में जानकारी लेकर इस सामाजिक कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा टीम एवं अक्षर साथियों के सहयोग से पोर्टल में दर्ज व्यक्तियों के अलावा अन्य छूटे हुए असाक्षर व्यक्तियों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए।

### दक्षिण पन्ना वनमण्डल की अनूठी पहल - बुंदेली आल्हा गायन के माध्यम से सर्पदंश से बचाव हेतु जन-जागरूकता

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा सर्पदंश (सांप के काटने) से होने वाली जनहानि को रोकने तथा ग्रामीण क्षेत्र में इसके प्रति सतर्कता एवं वैज्ञानिक उपचार की समझ बढ़ाने हेतु एक अभिनव पहल की गई है। इस प्रयास के तहत, बुंदेलखंड की परंपरागत वीरगाथा शैली १आल्हा१ के माध्यम से एक सजगता-परक लोकगीत की रचना और प्रस्तुति करवाई गई है। इस गीत को रचनाकार डॉ. सुरेश श्रीवास्तव १सौरभ१ एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें आमजन को सर्पदंश के जोखिमों, सावधानियों और सही उपचार के बारे में सरल बुंदेली भाषा में जानकारी दी गई है। इस विशेष आल्हा गायन का ऑडियो ग्राम वन समितियों और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा। यह गीत क्षेत्रीय लोकसंस्कृति को माध्यम बनाकर ग्रामीणों के लिए सार्थक, सुलभ और प्रभावी संदेशवाहक बनेगा। दक्षिण पन्ना वनमण्डल का यह प्रयास परंपरा और आधुनिक जागरूकता के समन्वय का एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

## अमानगंज बाईपास पर हाईवा में हवा भरते वक्त फटा टायर, 33 वर्षीय युवक की मौत

**अमानगंज बिहार का बताया जा रहा है 33 वर्षीय युवक अमानगंज बाईपास पर पंचर की दुकान खोलकर करता था भरण पोषण।**



**अमानगंज।** सिमरिया मुख्य सड़क मार्ग बाईपास के पास आज एक दर्दनाक हादसा सामने आया हे जिसमें एक 33 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई दरअसल सोमवार की दोपहर 3:00 बजे 33 वर्षीय युवक इरफान खान निवासी विहार हाईवे के टायर में हवा भर रहा था इसी दौरान टायर फट गया और टायर सीधे इरफान खान को लगा जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई हम आपको बता दें कि इरफान खान बिहार का निवासी है जो अमानगंज बाईपास पर पंचर की दुकान खोलकर अपना जीवन यापन कर रहा था घटना घटने के बाद उपस्थित लोगों द्वारा युवक को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## भटिया की नेहाल पठान पिकप पुलिस ने की जप्त

### ठूंस ठूंस कर पिकप में तल बनाकर 30 नग से अधिक भरे थे पशु

### गौ सेवकों के प्रयासों से पकड़ा गया भैंसों से लदा पिकप

### बूचड़खाने ले जाने के उद्देश्य से परिवहन किए जा रहे थे पशु

**सलेहा।** थाना क्षेत्राअन्तर्गत बीती दरम्यानी रात्रि को 30 नग से अधिक भैंसों से भरा पिकप एमपी 35 रइ 2763 नेहाल पठान लिखा पिकप जो भाटिया का बताया गया है इस पिकप में तल बनाकर 30 नग से अधिक भैस भरे होना बताया गया है लोगो ने यह बताया कि रात्रि में भटनवारा ग्राम से भैंसों को लादा गया था जिसके ऊपर गौ सेवक नजर बनाए हुए थे जेसे पिकप विल्हाई मोड़ पहुंचा सलेहा देवेन्द्रनगर गुनौर के गौ रक्षक एवं समाज सेवियों ने घेरा बंदी कर पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी सलेहा पुलिस ने बगैर देर गवाए मौका स्थल पहुंचकर पिकअप वाहन को अपने सुपूर्द लेकर प्रारंभिक कार्रवाई कर मामले की वेवचना शुरू करदी है पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद रात्रि के अंधेरे का पशु तस्कर फायदा उठाकर पशु तस्करी कर रहे हैं लोगों द्वारा बताया गया है कि गौ सेवकों समाज सेवियों द्वारा पशु तस्कर रोकने हेतु सतत अभियान चला कर पुलिस कि सहयोग किया जा रहा इसी सहयोग के चलते। क्रूरता पूर्वक भैंसों लदा पिकप पकड़ने में सलेहा पुलिस को सफलता हासिल हुई है।

## तेज बारिश से कच्चा मकान धराशायी, परिवार हो गया बेघर

### रहने की हो रही परेशानी, प्रशासन से मदद की लगाई गुहारल



**अमानगंज।** क्षेत्र में हो रही लगातार तेज बारिश के चलते ग्राम मुहार में घनश्याम पटेल पिता प्यारे लाल पटेल उम्र 23 वर्ष का एक कच्चा मकान धराशायी हो गया, जिससे रह रहे परिवार को भारी नुकसान हुआ है। मकान के गिरते ही परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे, ज्ञात हो कि पिछली बारिश में एक घर गिर गया था और अभी दूसरा लेकिन अब उनके सामने रहने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि बारिश के कारण मकान की दीवारें पहले से ही कमजोर हो चुकी थीं और शनिवार रात आई तेज बारिश में पूरा मकान एक तरफ जमींदोज हो गया। परिवार के पास फिलहाल रहने का कोई व्यवस्थित ठिकाना नहीं है और वह अस्थायी रूप से त्रिपाल दाल कर रह रहे है ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजा देने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### श्रावण सोमवार के मौके पर मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



**खजुराहो।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के चंदेलकालीन मतंगेश्वर मंदिर में सावन माह के पहले श्रावण सोमवार को शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। आज सुबह से ही शिवभक्तों का आना शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा इस दौरान शिवभक्तों ने मतंगेश्वर शिवलिंग पर जल अर्पण करते हुए पूजा अर्चना की, ये सिलसिला शाम तक जारी रहा। गौरतलब है कि सावन का महीना शिवभक्ति के लिए अनुकूल माना जाता है जिसमें पडने वाले प्रति सोमवार को बड़ी संख्या में शिवभक्तों द्वारा पूजा करके मनोरथ को पूरा किया जाता है।

### युवक पर डंडों से हमला और फायरिंग



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम धमची में सोमवार को अवैध बालू खनन को लेकर एक बड़ा विवाद हो गया। 28 वर्षीय युवक गणेश शंकर यादव जब नदी से अपने घरेलू उपयोग के लिए बालू निकाल रहा था, तभी गांव के ही दबंग लक्ष्मण यादव और अनिल यादव मौके पर डंडा और अवैध हथियार लेकर पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने युवक के साथ जमकर गाली-गलौज की और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने अवैध हथियार से फायरिंग भी कर दी। जान बचाने के लिए गणेश शंकर को नदी में कूदना पड़ा। किसी तरह से उसने अपनी जान बचाई और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस को जानकारी दी गई। ओरछा रोड थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक जांच के निर्देश दिए हैं। पीड़ित की शिकायत पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

### नदी के बीच फंसे ग्रामीणों के लिए नाव से पहुंची रेस्क्यू टीम



**छतरपुर।** बिजावर विकासखण्ड के देवरी ग्राम में बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आया। देवरी गांव तक कोई पक्का पहुंच मार्ग न होने के कारण रेस्क्यू टीम को नाव की मदद से गांव तक पहुंचना पड़ा। यह गांव धसान और काठन नदी के बीच बसा है, जिससे वहां तक पहुंचना बेहद मुश्किल होता है। सोमवार को तहसीलदार अभिनव शर्मा, बीएमओ डॉ. महेश त्रिवेदी, एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी सहित मेडिकल टीम नाव से गांव पहुंची। बीएमओ डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि देवरी गांव में 20 से 25 परिवार निवास करते हैं और इनमें से कई महिलाएं एवं बच्चे बीमार पाए गए। कुछ को दस्त और उल्टी जैसे लक्षण थे, तो कुछ को बुखार एवं अन्य संक्रमण थे। सभी का प्राथमिक इलाज कर उन्हें जरूरी दवाएं दी गईं हैं। ग्रामीण मुन्नालाल तिवारी ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि रेस्क्यू टीम समय पर गांव पहुंची और बीमार लोगों का इलाज किया। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की कि गांव तक स्थायी सड़क मार्ग जल्द से जल्द बनाया जाए ताकि ऐसी परिस्थितियों में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि हर साल बरसात के मौसम में देवरी गांव का संपर्क आसपास के इलाकों से पूरी तरह कट जाता है। ग्रामीणों की यह मांग अब और अधिक गंभीर हो गई है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

### हमारे प्रदेश के दिव्यांगों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों?



**छतरपुर।** देश के विभिन्न राज्यों में दिव्यांगों को अलग-अलग पेंशन राशि दी जा रही है। सबसे कम पेंशन राशि मध्यप्रदेश में है। आंध्र प्रदेश में 6 हजार रुपये तो मध्य प्रदेश में मात्र 6 सौ रुपये दिव्यांगों को पेंशन के रूप में दिए जा रहे हैं। मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर पेंशन विसंगति को दूर करने की मांग की है। डॉ संजय कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बढ़ती महंगाई के अनुरूप दिव्यांगों को पेंशन राशि बेहद कम मिल रही है। डॉ शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि राजस्थान दिव्यांगों को 1500 रुपये प्रति माह पेंशन देता है। दिल्ली ढाई हजार रुपए पेंशन के रूप में दे रहा है।

## पुरानी ईंटों और घटिया निर्माण सामग्री से बनाई गई थी बाउंड्री वॉल

# पहली बारिश नहीं झेल पाई एयरपोर्ट की नई बाउण्ड्रीवाल

पर्यटन नगरी खजुराहो में राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा विकास के नए नए कार्य कराए जाकर नया आयाम स्थापित किया जा रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार के चलते यह विकासकार्य पहली बारिश भी नहीं झेल पा रहें है।

हरिभूमि न्यूज, खजुराहो।



उदाहरण के तौर पर पर्यटन नगरी खजुराहों के एयरपोर्ट में एक साल पहले नई बाउण्ड्रीवाल बनवाई गई थी लेकिन यह बाउण्ड्रीवाल पहली बारिश नही झेल पाई और भरभराकर गिर गई एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए उक्त गिरी हुई बाउण्ड्रीवाल की फोटो ग्राफी करने से रोकने के लिए घटना स्थल पर दो कर्मचारियों अरबिंद यादव और तुलसीदास हरिजन की डय्टी लगा दी गई जिससे यह लोग मीडिया को भी फोटोग्राफी करने से रोकने लगे।

### सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनी थी बाउण्ड्रीवाल

पिछले बर्ष एयरपोर्ट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नई बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया था हालाकि अभी यह निर्माण कार्य पूरा नही हुआ था क्योंकि एयरपोर्ट की जो पुरानी बाउण्ड्रीवाल थी। बह चारो तरफ से जरजर हो गई थी जिसे गिराकर नए सिरे से बनाया जा रहा था और इस बाउण्ड्रीवाल के निर्माण की जानकारी एस.के कस्ट्रक्शन बनारस को टेण्डर के माध्यम से दी गई थी। लेकिन गत बर्ष उक्त निर्माण एंजेसी के ठेकेदार द्वारा बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में घटिया सामग्री का निर्माण कर भारी अनिमितताआए की गई थी। मौके पर देखने पर पाया गया था कि निर्माणकार्य में लगभग कई बर्ष पुरानी ईटों का उपयोग किया गया था जो ईटें बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में लगाई गई थी। वह किसी टूटी हुई बिल्डिंग की थी साथ ही उच्च गुणवत्ता का सीमेंट उपयोग नही किया गया सीमेंट की मात्रा कम बालू की मात्रा ज्यादा लगाई गई जो निर्माण सामग्री उपयोग की जा रही थी। बह कहीं और बनाई जा रही थी और एयरपोर्ट तक लाने में बह सेट हो जाती थी। जिसे बड़ी मुस्किल से बाउण्ड्रीवाल के पिलर भरने में उपयोग किया जाता था इंजीनियर भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन निर्माण कार्य के समय नही कर रहे थे। जिसका आज नतीजा यह देखने को मिल रहा है कि पहली बारिश भी बाउण्ड्रीवाल झेल नही पाई इस घटिया निर्माण कार्य की शिकायत एयरपोर्ट के उस समय पदस्थ इंजीनियर ऋषि चौरसिया से की गई थी। और उन्हें घटिया सामग्री उपयोग किए जाने के बीडियो भी दिखाए गए थे तब उनके द्वारा साइड में काम कर रहें इंजीनियर मिश्रा को बुलाकर घटिया सामग्री उपयोग किए जाने के संबंध में पूछताछ भी की गई थी। लेकिन उन्होंने भी इंजीनियर को गुमराह कर दिया था। जबकि इंजीनियर ने ठेकेदार को अच्छी क्वालिटी की साबूत ईटें उपयोग किए जाने की अनुमति दी थी। लेकिन अमानक सामग्री का उपयोग किए जाने से आज स्थिति यह देखने का मिली इस तरह की घटना से एयरपोर्ट की सुरक्षा पर खतरें का संकट बनता रहेगा। कई बार देखा जाता है कि जंगली जानवर टूटी दीवारों का फायदा उठाकर अंदर घुसकर रनवे तक पहुँच जाते है जिससे फ्लाईट संचालन के टेक ऑफ लेड्रिंग प्रकिया को खतरा बन जाता है।

### मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सौंपेगा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन

छतरपुर। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई छतरपुर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर को गुरुवार 17 जुलाई 2025 को सायं 4 बजे ज्ञापन सौंपगा। ज्ञापन में मुख्य रूप से कर्मचारियों की ऐसी समस्याओं के निराकरण की बात होगी जो कई महीनों से लंबित है एवं बार-बार पत्राचार करने पर भी जिनका समाधान नहीं किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा बताया गया कि यदि नियत समय के अंदर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ वृहद आंदोलन की तैयारी करेगा। उक्त ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र हिंगवासिया एवं संभागीय उपाध्यक्ष कृपा शंकर पाठक की उपस्थिति में दिया जायेगा।



## दर्जनों किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, मूसलाधार बारिश से फसलें हुईं बर्बाद

### प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजे की मांग

**सटई।** हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। इससे सटई नगर के वार्ड क्रमांक 12, 13 और 14 सहित आसपास के क्षेत्रों में किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं। इसको लेकर सोमवार को दर्जनों किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम को एक ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने बताया कि बीते दो दिनों की बारिश से खेतों में चारों ओर पानी भर गया है, जिससे सोयाबीन, तिल, उड़द सहित अन्य फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। जगदम्बा पटैल ने कहा कि लगभग सभी किसानों की लाखों रुपये की फसलें नष्ट हो गई हैं। खेतों में केवल पानी ही पानी भरा है, जिससे आगे की बुवाई पर भी संकट मंडरा रहा है। वहीं सुखलाल पटैल ने बताया कि उनके खेत की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि खेतों का शीघ्र सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत राशि दी जाए, ताकि उन्हें कुछ आर्थिक सहारा मिल सके।ज्ञापन प्राप्त करने के बाद तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम ने कहा, आज किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में फसलों की पूरी तरह बर्बादी की जानकारी दी गई है। एक टीम गठित कर सर्वे कराया जाएगा और शासन की मंशा के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम कोर्ट की बिल्डिंग का घटिया निर्माण उजागर, दो माह में ही दरारें और टपकने लगी छत

### 1 करोड़ 30 लाख की लागत से बनी बिल्डिंग में भारी भ्रष्टाचार की आशंका, एसडीएम ने की शिकायत

नौगांव।



नगर को दो माह पहले एक बड़ी सौगात के रूप में नया एसडीएम कोर्ट भवन मिला था, जो बापू महाविद्यालय के चौराहे के पास करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया था। इस भवन का लोकार्पण छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल, महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों और ठेकेदार की उपस्थिति में किया गया था। इसे नगर की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा था, लेकिन अब यह निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है।

सूत्रों के मुताबिक, भवन में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और छत से पानी टपक रहा है। बारिश के हालिया दौर ने भवन निर्माण की पोल खोल दी है। यह वही एसडीएम कोर्ट है, जिसमें नौगांव, हरपालपुर, महाराजपुर और गढ़ीमलहरा सहित 75 ग्राम पंचायतों का रिकॉर्ड रखा जाता है और न्यायिक कार्यवाही होती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस बिल्डिंग में करोड़ों खर्च किए गए, वह कुछ ही महीनों में जर्जर होती नजर आ रही है। जबकि महज़ कुछ कदमों की दूरी पर लोक निर्माण विभाग की भवन शाखा का कार्यालय मौजूद है, फिर भी निर्माण कार्य में अनियमितताएं होती रहीं और संबंधित अधिकारी चुप रहे।

#### निर्माण प्रक्रिया में तीसरे स्तर तक हुआ ठेका

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस भवन का ठेका नगर के राजू चतुर्वेदी को मिला था, लेकिन बाद में इसे पेटी कॉन्ट्रेक्ट के माध्यम से पलेरा के एक भाजपा नेता को दे दिया गया। नेताजी ने यह काम अपने रिश्तेदारों और उत्तर प्रदेश के बेलाताल निवासी कुछ लोगों को सौंप दिया। इस तरह जब तीसरी पार्टी तक निर्माण पहुंचा तो गुणवत्ता गिरना लाजिमी हो गया।

#### एसडीएम ने की शिकायत

जब इस मामले में नौगांव एसडीएम जीएस पटेल से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, मैंने आज ही कलेक्टर से शिकायत की है। बिल्डिंग बहुत ही घटिया तरीके से बनाई गई है। छत से पानी रिस रहा है और जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं।

## धार्मिक स्थलों पर बढ़ती चोरी से भक्तों की आस्था पर संकट

### नैनागिर के मंदिर में हुई चोरी का जल्द खुलासा करने दिया ज्ञापन

बक्सवाहा।



क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर हो रही चोरियों की घटनाओं से श्रद्धालुओं की आस्था को गहरा धक्का लगा है। बीती 5 जुलाई की रात को प्रसिद्ध जैन तीर्थ नैनागिर के चौबीसी मंदिर में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई और दरवाजे व गुल्लक को कटर से तोड़कर लाखों की नकदी चुरा ली।

गौरतलब है कि पिछले 10 वर्षों में यह सातवीं चोरी की घटना है, परंतु पुलिस अब तक एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व में श्री मुनिसुब्रतनाथ मंदिर से छत्र, चंवर और गुल्लक चोरी हो चुके हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके अलावा बीरमपुरा के डॉन माता मंदिर से भी घंटा व दान पेटी चोरी हो चुकी है।

नाराज लोगों ने मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और पुलिस प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए तहसीलदार भरत पांडे को चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में नैनागिर चोरी का खुलासा नहीं हुआ, तो सामूहिक भूख हड़ताल व अनशन किया जाएगा। थाना प्रभारी सुनीता विंदुआ ने बताया कि एसपी के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई है, जांच जारी है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## बारिश से प्रभावित पुल-पुलियों एवं सड़कों का मरम्मतीकरण करें: कलेक्टर

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय सीएमओ और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने विगत दिनों जिले में हुई बारिश से संबंधित क्षति नुकसान के आंकलन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित पुल, पुलियां एवं सड़कों के मरम्मतीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि से फसलों के नुकसान का सर्वे का मुआवजा संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की वर्तमान वर्षा स्थिति, भवनों की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वृक्षारोपण तथा प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी पुराने, कमजोर नींव वाले और जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें तुरंत खाली कराने के लिए निवासरत नागरिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ताकि जान-माल की सुरक्षा हेतु आवश्यकता अनुसार ऐसे भवनों को शीघ्र ध्वस्त किया जाए। कलेक्टर ने बक्सवाहा विकासखंड के कर्मचारियों की वेतन वृद्धि पर अस्थायी रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए।



**आरटीओ को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश**

कलेक्टर ने आरटीओ को संचालित सभी बसों की फिटनेस, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस और ओवरलोडिंग की नियमित जांच करने के निर्देश दिए और नियमानुसार वाहनों का संचालन नही करने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में जहां भी खुले बोरवेल या अधूरी खुदाई वाले कुएं हैं, उन्हें तत्काल ढंकने और बंद कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए है।

**पुलिस को हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं की जांच एवं हितलाभ वितरण में तेजी लाने के निर्देश** - कलेक्टर ने हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं की भी समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग को ऐसे मामलों में तेजी से जांच कर रिपोर्ट भेजे जिससे कि हितलाभ उन्हें वितरित किया जा सके। इसके अलावा, जिले में पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे एक बगिया माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान को और गति देने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को स्पष्ट लक्ष्य सौंपे गए हैं। प्रत्येक निजी कॉलेज में 100 पौधे, हर आंगनवाड़ी केंद्र में 20 पौधे तथा प्रत्येक आदिवासी छात्रावास में 100 पौधे लगाए जाएंगे।

खनिज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम प्रबंधक को 10-10 हजार पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। पशु विभाग और पीएचई को 5-5 हजार पौधे, परिवहन विभाग को 2 हजार पौधे, खाद्य अधिकारी को 20 हजार पौधे और प्रत्येक वेयरहाउस में भी 100-100 पौधे रोपने तथा सहकारी समिति को 10 हजार पौधों का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही उर्मिल नदी के किनारे वृहद पौधारोपण कराए जाने के निर्देश दिए गए है।

**पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था के निर्देश** - कलेक्टर ने कहा सभी पौधे स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार लगाए जाएं। पौधों की देखभाल सुरक्षा हेतु फेंसिंग, सिंचाई व्यवस्था और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागों को दिए।

## प्रेमी के साथ भागी बेटी का माता-पिता ने किया पिंडदान, पिता ने कराया मुंडन, पुलिस बोली-हम लगातार कर रहे तलाश



छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक अनोखा और मार्मिक मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक नाबालिग लड़की के अपने प्रेमी के साथ भाग जाने के बाद उसके माता-पिता ने सड़क किनारे रो-रोकर उसका पिंडदान किया और पिता ने हिंदू रीति-रिवाज से मुंडन कराकर अपनी बेटी को मृत मान लिया। आपको बता दें कि ग्राम ढड़ारी निवासी नाबालिग लड़की गत 4 जुलाई को पनागर के लक्ष्मण साहू के साथ लापता हो गई थी। लड़की के माता-पिता संतोष सिंह बुंदेला और सुनीता सिंह बुंदेला ने बताया कि लक्ष्मण साहू ढड़ारी में अभिषेक चाट भंडार में काम करता था और उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई थी। सोमवार को माता-पिता ने हाईवे किनारे बैठकर हिंदू रीति-रिवाज से पिंडदान किया, जिसमें पिता संतोष सिंह ने परिवार के साथ मुंडन कराया। इस दौरान उनका रो-रोकर बुरा हाल था और हाईवे पर गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बाद में सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए माता-पिता को आश्वासन दिया और उन्हें पुलिस वाहन में थाने ले गई। संतोष सिंह ने बताया कि उनकी बेटी को भगाने वाले लक्ष्मण साहू की तलाश के लिए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई गई है। सिविल लाइन थाना के एसआई प्रमोद रोहित ने बताया कि लड़की के परिजनों की शिकायत पर 4 जुलाई को सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया जा चुका है। टीमें लगातार लड़की की तलाश कर रही हैं।

